संदर्भ सं.: BEDF/D&T/2793 **दिनांक: 25 अगस्त, 2026**

श्रेणीबद्ध धान(ग्रेडेड धान) की नीलामी हेतु निविदा सूचना

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA), वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित बासमती निर्यात विकास फाउंडेशन (BEDF), जो सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी है, द्वारा BEDF के डी एंड टी फार्म, मोदीनगर/मोदिपुरम, मेरठ में भंडारित विभिन्न श्रेणी के लगभग 50 क्विंटल बासमती धान की नीलामी हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। श्रेणीबद्ध धान(ग्रेडेड धान) के नमूने कार्यालयीन समय के दौरान अपराह्न 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक देखे जा सकते हैं।

निविदाएँ “जहाँ है, जैसा है” (As Is – Where Is) के आधार पर आमंत्रित की जाएंगी। धान की लोडिंग, परिवहन तथा अन्य कोई भी आवश्यक व्यय बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा। सफल बोलीदाता को कार्यादेश की तिथि से सात दिनों के भीतर धान उठाना होगा। निविदा के साथ ₹10,000/- (केवल दस हजार रुपये) की बयाना राशि (Earnest Money) का डिमांड ड्राफ्ट “Basmati Export Development Foundation” के पक्ष में, केनरा बैंक, पल्लवपुरम, मेरठ में देय, संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा आवेदन प्रस्तुत करने के लिए अनुलग्नक-1 में दिए गए प्रारूप का उपयोग किया जा सकता है।

सीलबंद लिफाफे में निविदा/प्रस्ताव निम्नलिखित पते पर 8 अक्टूबर, 2026 को शाम 5:00 बजे तक या उससे पहले प्रस्तुत किए जा सकते हैं: **निदेशक**, **बासमती निर्यात विकास फाउंडेशन (BEDF), रुड़की रोड, मोदिपुरम, मेरठ – 250 110 (उत्तर प्रदेश)**

निदेशक
बासमती निर्यात विकास फाउंडेशन

बासमती निर्यात विकास प्रतिष्ठान
(एपीडा, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार)
एसवीपी कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर,
मोदीपुरम, मेरठ 250110 (उ.प्र.)

ग्रेडेड धान की नीलामी हेतु बोली का प्रारूप

कंपनी/फर्म/व्यक्ति का नाम :

बोलीदाता का पता :

मोबाइल/फ़ोन नंबर :

ईमेल :

पैन नं./आधार नं. :

प्रस्तावित दर प्रति क्विंटल (अंकों में) :

प्रस्तावित दर प्रति क्विंटल (शब्दों में) :

रु. 10,000/- की बयाना राशि (ईएमडी) का विवरण (डीडी नं. एवं बैंक तिथि):

ये दरें "जैसा है - जहां है" के आधार पर हैं।
घोषणा:
लदान/परिवहन और अन्य कोई भी खर्च (यदि आवश्यक हो) मेरे (बोलीदाता) द्वारा वहन किया जाएगा। मेरी बोली स्वीकार होने की स्थिति में, मैं आवंटन की तिथि से सात दिनों के भीतर इसे उठा लूंगा/लूंगी।

बोलीदाता के हस्ताक्षर / मोहर
दिनांक: